रविवासरीय हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
३ दिसंबर २०२३, बरेली

PAGE NO, 06, BOTTOM

सिंगर शाहीन ने यादगार बनाई जेस्ट की शाम

बरेली, मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस सीईटी में जेस्ट-2023 का समापन ''रॉकनामा बैंड'' की प्रस्तुति से हुआ। शाहीन ने फिल्म कबीर सिंह के चर्चित गाने कैसे हुआ.. कैसे हुआ... तू इतना जरूरी कैसे हुआ से स्टार नाइट की शुरुआत की।

शाहीन ने हालिया चर्चित हुए पाकिस्तानी गायक अली सेठी और शाई गिल के गाने अग लावां मजबूरी नूं, आन जान दी पसूरी नू, जहर बने हां तेरी, पी जावां मैं पूरू नूं को अपने स्वर देकर माहौल में और भी रूमानियत घोल दी। जवान का गाना मैं ता चालेया तेरी ओर, तेरा चालेया है जोर, गायक अरिजीत सिंह के कर्णप्रिय गाने केसरिया तेरा इश्क है पिया ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पहले ट्रस्ट के अध्यक्ष देव मूर्ति ने 38 स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्टी ऋचा मूर्ति, एसआरएमएस सीईटी के डीन एकेडेमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के प्रिंसिपल डा.एलएस मौर्या आदि मौजूद रहे।

गायिका शाहीन सलमानी अपनी आवाज की जादू से सम्मोहित कर दिया।